NB/WB
23/4/24

दैनिक भास्कर जोधपुर 23-04-2024

# जेएनवीयू: पीजी प्रीवियस और फाइनल की परीक्षाएं 6 मई से

जोधपुर| जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के वर्ष 2024 की वार्षिक पद्धति एमए एवं एमएससी पूर्वार्ध की परीक्षाएं 6 मई से तथा एमए एवं एमएससी अंतिम वर्ष की परीक्षाएं 7 मई से शुरू होंगी। इसकी विस्तृत समय सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

इनके प्रवेश पत्र नियत समय पर ऑनलाइन जारी कर दिए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. जीएस शेखावत ने बताया कि 2023 बीए बीएड व बीएससी बीएड अंतिम वर्ष विशेष पूरक परीक्षा 6 मई से शुरू होगी। इसकी विस्तृत समय सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। प्रवेश पत्र नियत समय पर ऑनलाइन जारी कर दिए जाएंगे। प्रो. शेखावत ने बताया कि केवल उन्हीं परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी होंगे, जिन्होंने परीक्षा आवेदन की हार्डकापी संबंधित विभाग में जमा करवाकर ऑनलाइन सत्यापित एवं प्रमाणित करवाया है। यदि किसी परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र में विषय से संबंधित कोई समस्या हो तो ऐसे परीक्षार्थी विभाग पर जा कर परीक्षा केंद्र पर मेल द्वारा सूचना भेज सकते हैं। यदि किसी परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन में विषय नही भरे हैं तो प्रवेश पत्र में भी नहीं दर्शाए जाएंगे। ऐसे परीक्षार्थी अपने परीक्षा आवेदन नंबर, नाम, पिता, नाम विषय सहित संबंधित विभाग से परीक्षा शाखा में ऑनलाइन मेल भेजकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं।